हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

4 सफलता के लिए खेल भावना होना जरूरी



## खबर संक्षेप

### 6 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक

**बैकुण्ठपुर।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शालाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिलाया जाना है। योजनांतर्गत प्रवेश 10 मार्च को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया गया है। छग में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्राएं कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो, पालक का वार्षिक आय का स्त्रोत 2.50 लाख से अधिक न हों, आय प्रमाण पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार पर किया जाएगा, अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा चौथी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना के पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना के पात्र नहीं होंगे। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक विद्यार्थी स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा 4 थी के अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटो, आयकरदाता नहीं होने का प्रमाण पत्र एवं चयन होने पर राज्य के किसी भी उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शाला में प्रवेश दिलाने के लिए पालक के सहमति पत्र के साथ 25 जनवरी को अध्ययनरत शाला में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### अतिरिक्त सामान वापस मांगने पर मारपीट

**अंबिकापुर।** सामान मांगने पर कार से उतारकर मारपीट करने के मामल में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रेवतपुर निवासी उमाकांत पांडेय के पास 2 जनवरी को क्रेडा विभाग के ठेकेदार दिलीप कुशवाहा ने फोन कर बताया कि हरवंश जायसवाल के पास सौर ऊर्जा का सामान अधिक चला गया है। सामान वापस लेने गए ठेकेदार के कर्मचारी से हरवंश जायसवाल झगड़ा कर रहा है। ऐसे में ठेकेदार के कहने पर उमाकांत पांडेय हरवंश जायसवाल के पास पहुंचा था और कर्मचारी को अतिरिक्त सामान लेकर वापस चलने की बात कही जिसपर हरवंश जायसवाल ने उमाकांत पांडेय के साथ गाली गलौज करने के साथ ही उसे कार से उतारकर मारपीट की। इसके साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### विवाद पर पिता पुत्र ने किया चाकू से हमला

**अंबिकापुर।** पारिवारिक विवाद पर भाई पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। विजयनगर चौकी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम चुमरा निवासी राजकुमार अगरिया अपने छोटे भाई जोखू अगरिया से 1 जनवरी को पारिवारिक बात को लेकर विवाद कर रहे थे। विवाद की सूचना ग्रामीण की पुत्री ने अपने भाई संदीप अगरिया को दी। युवती अपने भाई को विवाद की जानकारी दे रही रही थी कि बड़े पिता राजकुमार अगरिया व उसके पुत्र अरुण अगरिया जोखू अगरिया से मारपीट करने लगे। इस दौरान पिता पुत्र ने जोखू अगरिया को जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से सिर पर हमला कर दिया जिससे वह बेहोश हो गए। आस पास के लोगों द्वारा ग्रामीण को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें बलरामपुर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। इस घटना की शिकायत युवक ने पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## स्वास्थ्य मंत्री के सख्त आदेश का कोरिया में दिखा असर

# मेडिकल दुकानों पर छापा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में मेडिकल दुकानों पर छापामार कार्रवाई की है। दुकानों में कार्रवाई के दौरान अनियमित मिलने पर स्पष्टीकरण के लिए पत्र भी जारी किया गया है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री पर लगाम लगाने के निर्देश दिए थे।

■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दुकानों से लिए सैंपल, एक को सील बंद

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री रोकने के लिए ड्रग ऑफिसर्स को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, इसके बाद ही बुधवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बैकुंठपुर के 8 मेडिकल स्टोर्स में छापामारी की कार्रवाई की। कार्रवाई में मेडिकल स्टोर से अनुपस्थित रहने वाले फार्मासिस्ट के फर्म को आगामी आदेश तक बंद कराया है। वहीं अनियमित मिलने पर अन्य मेडिकल दुकानों के संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित व नशीली दवाइयां डॉक्टर की बिना पर्ची बेचे जाने वाले दर्द निवारक व गर्भपात की दवाइयां बेचे जाने की शिकायत व सूचना के आधार पर शहर के करीब 8 मेडिकल स्टोर्स की आकस्मिक जांच-पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान कुछ अन्य दवाई दुकान में अनियमिताएं पाई गई है। संबंधित फर्म को स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र जारी किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विगत दिनों अधिकारियों से कहा है कि किसी भी हालत में कालातीत व प्रतिबंध दवाई, सिरप आदि बिकने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस तरह की अवैध धंधे को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की जांच जिले में निरंतर जारी रहेगी और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।



मेडिकल स्टोर में जांच करते अधिकारी।

### प्रशासन की छापेमारी से मचा हड़कंप

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम की छापामार कार्रवाई से मेडिकल स्टोर्स पर हड़कंप मच गया। टीम ने



सबसे पहले बैकुंठपुर के महामाया मेडिकल स्टोर्स, जय श्री राम मेडिकल स्टोर्स, गायत्री मेडिकल स्टोर एंड एजेंसीस, उत्तम फार्मा, संजीवनी मेडिकल स्टोर्स पर छापामार कार्रवाई की। निरीक्षण के बाद शंका होने पर दवाईयों के सैम्पल लिए, उसके बाद टीम शुक्ला मेडिकल स्टोर्स, लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स एवं जय श्री मेडिकल स्टोर्स में छापेमारी के लaिए पहुंची। दुकानदार तो मौके पर पहुंची टीम को देखकर शटर डाउन करके घर चले गए।

### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित व नशीली दवाई के साथ डॉक्टर की बिना पर्ची बेचे जाने वाले दर्द निवारक व गर्भपात की दवाइयां बेचे जाने की शिकायत व सूचना के आधार पर बैकुंठपुर के करीब 8 मेडिकल स्टोर्स पर जांच की गई है, वहीं आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। बैकुंठपुर में संचालित एक मेडिकल स्टोर्स में पंजीकृत फार्मासिस्ट के अनुपस्थित होने के कारण आगामी आदेश तक उक्त दुकान में क्रय-विक्रय बंद करते हुए पूरे फॉर्म को ही बंद कर दिया गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान अन्य दवाई दुकानों में अनियमितता पाए जाने के बाद फॉर्म को स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र जारी किया गया है।

# पशु तस्करी का नहीं रुक रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

थाना प्रभारी द्वारा लगातार पशु तस्करों पर किए जा रहे कार्रवाई के बावजूद भरतपुर विकासखंड़ में पशु तस्करी का कारोबार नहीं रुक रहा है। बीती रात जनकपुर पुलिस द्वारा ग्रामीण मुखबीरों की सूचना एवं सहयोग से बूचड़खाने ले जा रहे 24 नग भैंस पड़वा सहित 2 पशु तस्करों को दबोच लिया। थाना प्रभारी अमित कश्यप ने पकड़े गए सभी 24 मवेशियों को जब्त कर ग्राम हरफरा के गौठान में सरपंच के सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया है।

■ 26 मवेशी किए गए बरामद

वहीं पकड़े गए दोनों पशु तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल भेज दिया। विदित हो कि भरतपुर ब्लाक अंतर्गत आए दिन पशु तस्करों द्वारा पशुओं को जंगल के रास्ते पैदल, ट्रक एवं पिकअप वाहन में पशुओं को भरकर फर्राटा भरते हुए निकलते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस कारोबार में बाहरी व्यापारियों के साथ ही क्षेत्र का एक लॉबी काम कर रहा है। यही वजह है कि इस धंधे से जुड़े लोग बेखौफ होकर इस क्षेत्र से पशुओं को लेकर आए दिन गुजरते रहते हैं। क्षेत्र के इसी लॉबी की मदद से मवेशियों को आसानी से निकाल दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक पशु तस्करी से जुड़े लोग सड़क को पार करने के पहले आसपास एवं आगे का रास्ता साफ होने की पूरी तरह आश्वस्त हो जाने के बाद ही पशुओं को निकालते हैं, इससे वनांचल क्षेत्र में गौ हत्या से जुड़ा यह कारोबार लगातार चोरी छिपे चल रहा है, लेकिन इन दिनों जनकपुर थाना प्रभारी अमित कश्यप स्थानीय पुलिस की एक टीम बनाकर लगातार पशु तस्करी पर रोक लगाने एवं पशु तस्करों पर कार्रवाई करने के बावजूद पशु तस्कर रात के अंधेरे में चोरी छिपे जंगल के रास्ते से पशुओं को क्षेत्र से निकालकर बूचड़खाने ले जाने वालों तक पहुंचा देते हैं।

थाना प्रभारी के निर्देश पर सक्रिय हुई जनकपुर पुलिस टीम बीती रात्रि ग्राम हरफरा में ग्रामीण मुखबीर के सहयोग से 24 नग मवेशी सहित दो पशु तस्कर तीरथ जोगी पिता बुद्धा जोगी उम्र 47 वर्ष एवं जीवनलाल जोगी पिता ठाकुर प्रसाद जोगी उम्र 50 वर्ष को मौके से पकड़कर तस्करों के विरुद्ध थाना में अपराध दर्ज कर पशु क्रूरता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर दिए। जब्त मवेशियों को ग्राम पंचायत अक्तवार के आश्रित ग्राम हरफरा स्थित गौठान में सरपंच के सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया गया।



गिरफ्तार आरोपी।



कार्रवाई के बाद बरामद किए गए मवेशी।

# केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

जनहित एवं जनकल्याण के लिए प्रारंभ की यह यात्रा ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पहुंचे, इसके लिए 3 जनवरी को जिला प्रशासन ने मनेन्द्रगढ़ के चनवरीडांड़, तिलोखन, बौरीडांड़, घाघरा, जनकपुर के चिडौला, कर्री, खड़गवां, कटकोना तथा जरौधा में शिविर लगाए गए। केन्द्रीय संयुक्त सचित अनुपम मिश्रा मनेन्द्रगढ़ विकासखंड़ के बौरीडांड़ के आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने इस दौराना उज्जवला योजना के हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप गैस कनेक्शन प्रदाय किया। वहीं कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान श्री मिश्रा ने समस्त विभाग के स्टॉलों का मुआयना किया। कार्यक्रम में लगाए गए शिविर का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का लाभ लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना था। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत सविता ने उज्जवला योजना, जगरनिया साहू ने मातृत्व वंदना योजना, लक्ष्मण सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा कैलाश अगरिया ने किसान क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले लाभ का सबके सामने साझा किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के ⏭ शेष पेज 4 पर



अवलोकन करते केन्द्रीय संयुक्त सचिव।

### सीएस आज लेंगे नोडल अधिकारियों की बैठक

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रगति के संबंध में सीएस कुमार अतिरिक्त सचिव भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय एवं राज्य प्रभारी छग द्वारा 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे से वर्चुअल समीक्षा बैठक लेंगे। इसमें भारसाधक सचिव स्वतः अथवा विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी को संपूर्ण जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है। उक्त समीक्षा बैठक में राज्य के समस्त नोडल अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक जानकारी के साथ शामिल होना सुनिश्चित करें। आयुष्मान भारत योजना पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास योजना, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# अव्यवस्था पर खरीदी केन्द्र प्रभारी को नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। प्रत्येक खरीद केन्द्र प्रभारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उक्त निर्देश जारी करते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सभी नोडल अधिकारी को निरंतर धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को अनियमितता की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम सेमरा के किसान के आवेदन पर कलेक्टर एमसीबी ने त्वरित कार्रवाई की। कलेक्टर श्री दुग्गा के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम नागपुर स्थित धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां धान खरीदी केन्द्र में आए हुए किसानों से बात करने के बाद उन्होंने खरीदे जा रहे धान की जांच की और धान खरीदी में अमानक होने पर रिजेक्ट किए गए धान की भी जांच की और धान खरीदी केन्द्र प्रभारी राकेश साहू से सभी विषयों पर जानकारी ली। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने सहायक पंजीयक सहकारी समिति एमसीबी से सीधे दूरभाष पर बात की और धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कलेक्टर एमसीबी के स्पष्ट निर्देश हैं कि मानक गुणवत्ता के अनुसार नियत समय में सभी किसानों की धान खरीदी की जाएगी।

विदित हो कि ग्राम पंचायत सेमरा के किसान रामनाथ ने कलेक्टर श्री दुग्गा के समक्ष उपस्थित होकर धान खरीदी केन्द्र नागपुर में अनियमितता की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर एक घंटे में ही जांच की कार्रवाई की गई।



निरीक्षण करते सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी।

## जनकपुर में स्वास्थ्य अमला सक्रिय

**एमसीबी।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी जिले के बैगा जनजाति पीवीजीटी के बसाहट में विशेष कैम्प लगाकर बैगा जनजातीय समूह को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, टीवी जांच, डायलीसिस, सिकलसेल जांच एवं गैर संचारी रोग का स्क्रिनिंग किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम युद्ध स्तर पर 1 और 2 जनवरी को खड़गवां व मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के 90% समूह को लाभान्वित किया जा चुका है, शेष कार्य कैम्प लगाकर किया जा रहा है, साथ डीपीएम सुलेमान के नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़ एवं खड़गवां ब्लॉक के 20 आयुष्मान कार्ड ऑपरेटर को लेकर 3 दिवसीय ब्लॉक जनकपुर में रहकर कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य अमला को लगाकर जिले के बैगा जनजाति को स्वास्थ लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जनकपुर जहां पर संसाधन की कमी है और पूरे जिले का 70.75 प्रतिशत बैगा जनजाति आबादी निवासरत है, वहां तीन दिवस के लिए स्वास्थ अमले की टीम बनाया गया। पीवीजीटी के लिए गठित टीम में सीपीएम सह नोडल अधिकारी राकेश वर्मा, डीपीसी दीपक चौधरी, डीडीएम भास्कर निराला मौजूद रहे।

### बीईओ के निरीक्षण में 3 शिक्षक मिले अनुपस्थित

**लखनपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने प्राथमिक और माध्यामिक शाला जूना लखनपुर एवं माध्यामिक शाला लब्जी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय का संचालन सही पाया गया। प्राथमिक शाला देवभुडू के 2 शिक्षक, प्राथमिक शाला सेलरा के एक प्राथमिक शाला लब्जी से एक शिक्षक अनुपस्थित पाए गये। अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

# अधिकारी अपने चेम्बर में उपस्थित रहें : कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सभी अपने कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित रहे।

■ लापरवाही बर्दाश्त नहीं ग्रामहित का सपना होगा साकार

श्री लंगेह ने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, विकासखंड़ स्तर के अधिकारी, शिक्षक, पटवारी, राजस्व अधिकारी, डॉक्टर सहित सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने कार्यालयीन समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। हितग्राही या जरूरतमंद तबके आपके पास समस्या लेकर पहुंचते हैं, लेकिन वहां नहीं होने पर उन्हें समय व धन का नुकसान होता है। ऐसे कृत्य को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री लंगेह ने राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण अतिशीघ्र करने ⏭ शेष पेज 4 पर

### संकल्प यात्रा से सपना होगा साकार

कलेक्टर श्री लंगेह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागों खासकर खाद्य विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहें, ताकि पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल सके तथा ग्रामीणों को सही जानकारी भी दे सकें। श्री लंगेह ने कहा कि यह यात्रा लोकहित, ग्राम हित के साथ ग्रामीणों, किसानों, जरूरतमंद तबकों का सपना साकार होगा, ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि संकल्प यात्रा को सफल बनाएं। विकासखंड़ बैकुंठपुर के ग्राम जटासेमर, डूभापानी ग्राम पंचायत तथा सोनहत विकासखंड़ के ग्राम लटमा, बड़वार, पहाड़पारा, सुंदरपुर में 3 जनवरी को संकल्प यात्रा का एलईडी वैन पहुंचा, जहां सैकड़ों ग्रामीण, किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संबंधित अधिकारियों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया, साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण भी एलईडी के माध्यम से सुनाया गया। ज्ञात हो कि लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव तक पहुंच रही।

## स्लॉटर हाउस में नहीं संचालित होती दुकानें

# रहवासी एरिया में मटन दुकान, बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

बाजार में संचालित मटन दुकानों से लोग परेशान हैं। बाजार के बीचो-बीच मुख्य मार्ग से लगे मटन दुकानों के आस-पास बदबू फैली रहती है। मांस-मटन की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी भी सड़क किनारे ही दुकान लगाने को विवश हैं।

दरअसल नगर पालिका में कुछ समय पहले ही स्लॉटर हाउस का निर्माण कराया था, लेकिन बनाए गए स्लॉटर हाउस में उपयोग के पहले ही दरारें आने की वजह से क्षेत्र में संचालित मांस दुकानों को इसमें शिफ्ट नहीं कराया गया। विदित हो कि चरचा के वार्ड क्रमांक 6 और 7 के बीच बहाने वाले गंदे नाले के किनारे मटन मछली की दुकानें संचालित हो रही है। मांस विक्रय करने वाले छोटे व्यापारियों का कहना है कि वह नाले के किनारे बैठकर खुले में व्यवसाय करने को मजबूर है। वहीं इस रास्ते से स्कूली बच्चे भी आना जाना करते हैं। मांस व्यापारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के पास व्यापार मांस दुकानों को स्लॉटर हाउस में शिफ्ट करने की गुहार लगाई जा चुकी है,लेकिन उनकी फरियाद आज तक किसी ने नहीं सुनी।



बाजार के बीचो-बीच संचालित मांस-मटन की दुकानें।

### अनियमितता की भेंट चढ़ा स्लॉटर हाउस

नगर पालिका द्वारा कुछ समय पूर्व ही बनाए गए स्लॉटर हाउस की दीवारों में अब दरारें आ गई है। घटिया व गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने से उपयोग के पहले ही इसका बुरा हाल है। लाखों रुपए खर्च कर स्लॉटर हाउस बनाने के बाद भी शहर की स्थिति पहले जैसी ही बनी है। नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा के नेता प्रतिपक्ष वह वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद अरुण जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन जानबूझकर अपनी मनमानी कर रहा है। विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं कलेक्टर कोरिया को शिकायत करने की बात भी नेता प्रतिपक्ष द्वारा कही गई है। नगर पालिका के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में विकास कार्यों के नाम पर बंदरबांट की गई है। स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए कोई पहल नहीं की गई, जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा, वहीं स्थानीय व्यवस्थाईयों में भी जिला प्रशासन और कलेक्टर से पहल की मांग की है।



# कन्या महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशानुसार साल के अंत में 28 से 30 दिसंबर तक विभिन्न वार्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी सहायक प्राध्यापक श्रीमती कनकलता पैकरा के द्वारा हरीझंडी दिखाकर किया। वार्षिक प्रतियोगिताओं में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया। इनमें मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली हेयर स्टाईल प्रतियोगिता, प्लास्टिक बॉटल से वेस्ट से बेस्ट मटेरियल प्रतियोगिता, वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता, ⏭ शेष पेज 4 पर

4 -JAN Coriya Bhoomi pg-2_Layout 1 1/4/2024 9:56 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड

## नशे के क़ारोबार पर हिन्दी-छत्तीसगढ़ी में बनने जा रही 'गैंग्स ऑफ रायपुर'



**रायपुर।** लोकायन भवन में आज ट्राइबल वॉरियर प्रोडक्शन एवं के. एस. के. वर्क्स के बैनर तले नशे के कारोबार पर आधारित हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'गैंग्स ऑफ़ रायपुर' की घोषणा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने-माने फ़िल्म डायरेक्टर सतीश जैन, विशेष अतिथि प्रोड्यूसर-डिस्ट्रीब्यूटर अलक राय तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध दुबे थे।फ़िल्म के निर्माता साजिद खान एवं निर्देशक के. शिव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि "गैंग्स ऑफ रायपुर" एक काल्पनिक क्राइम ड्रामा है, जो कि राजधानी रायपुर में चल रहे नशे के कारोबार पर केन्द्रित है। इस फ़िल्म की कहानी तैयार करने से पहले वरिष्ठ पुलिस अफ़सरों एवं चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों से बातचीत कर समझने की कोशिश की गई कि ऐसा कौन-कौन सा नशा है जिसका समाज पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। फ़िल्म की शूटिंग 15 फरवरी के आसपास शुरु होगी। रायपुर एवं आसपास के क्षेत्र में फ़िल्मांकन होगा। मई या जून महीने में इस फ़िल्म का प्रदर्शन होगा। फिल्म में भरपूर ड्रामा, एक्शन, इमोशंस, कॉमेडी और रोमान्स होगा। टीम मेम्बर्स में विनोद कुमार कैमरामेन चेन्नई से हैं, जो कि तमिल सिनेमा में पिछले कई सालों से काम कर रहे हैं। एडिटिंग मयंक रैकवार करेंगे। मयंक मुम्बई के एक नामी प्रोडॅक्शन हॉउस में हॉलीवुड की कुछ फिल्मों के लिए वीएफएक्स व एडिटिंग कर चुके हैं । गैंग्स ऑफ रायपुर के कलाकारों के लिए ऑडिशन 15 से 18 जनवरी को मोर माटी ऑफिस में 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच रखा गया है।

### टॉलीवुड

## भूकंप की चेतावनी के बीच जापान से घर लौटे जूनियर एनटीआर बोले- मैं



**हैदराबाद।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर जापान से लौट आए हैं। अभिनेता अपने परिवार के साथ जापान में छुट्टियां मना रहे थे। जापान में आए सिलसिलेवार भूकंपों में कई लोगों की मौत के बाद वह सोमवार देर रात घर लौट आए। जूनियर एनटीआर ने मंगलवार सुबह यह बताया कि वे जापान से लौटे हैं और द्वीप देश में आए शक्तिशाली भूकंपों की एक सीरीज के बाद इसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भूकंप ने जापान के पश्चिमी क्षेत्र को प्रभावित किया, जिससे कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और इमारतों, वाहनों और नौकाओं को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में लोगों को चेतावनी दी कि वे और अधिक मजबूत भूकंपों के खतरे के कारण अपने घरों से दूर रहें। जूनियर एनटीआर ने अपना पिछला सप्ताह जापान में बिताया था। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि वे देश में आए भूकंप से गहरे सदमे में हैं। उन्होंने लिखा, 'जापान से आज घर लौटा हूं और भूकंप के झटकों से बहुत सदमे में हूं। पिछला पूरा सप्ताह वहां बिताया और प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। लोगों के लचीलेपन के लिए आभारी हूं और शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद करता हूं। जापान, मजबूत बने रहें। इससे पहले सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में जूनियर एनटीआर को जापान से हैदराबाद हवाईअड्डे पर पहुंचते देखा गया। उनके साथ उनकी पत्नी, लक्ष्मी प्रणति और उनके दो बच्चे- अभय और भार्गव भी थे। परिवार ने हाल ही में जापान में क्रिसमस और नया साल मनाया। घर लौटने के बाद जूनियर एनटीआर ने भी उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### भोजपुरी

## 'अयोध्या के श्रीराम' में अपनी आवाज देंगे रवि किशन




**नई दिल्ली।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर भव्य उद्घाटन की तैयारी बहुत ही जोर शोर से चल रही है। इस अवसर पर अभिनेता और सांसद रवि किशन अपने म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' को लांच करने की तैयारी कर रहे हैं। इस म्यूजिक वीडियो में अभिनेता रवि किशन खुद अपनी आवाज देने जा रहे हैं, जिसकी रिकॉर्डिंग दिल्ली में होगी। रवि किशन कहते हैं कि पुरे विश्व की नजर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर उद्घाटन पर है। विश्व के श्रद्धेय प्रभु श्री राम के चरणों में यह म्यूजिक वीडियो समर्पित है। अभिनेता और सांसद रवि किशन ने अपने संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में नवरात्रि की सप्तमी के दिन म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' की शूटिंग कर चुके हैं। उस समय म्यूजिक वीडियो की शूटिंग रफ ट्रैक पर ही हुई थी आज रवि किशन इस वीडियो के गाने की रिकॉर्डिंग अपनी आवाज में करेंगे। रवि किशन कहते हैं, 'अयोध्या के श्रीराम' के गाने की शूटिंग हमने बहुत ही भव्य स्तर पर गोरखपुर में राजघाट में की, जिसमें मुंबई से 500 डांसर ने भाग लिया है। यह अपने आप में अद्भुत म्यूजिक वीडियो है।' म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' का निर्माण अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर भव्य निर्माण को लेकर किया गया है। एल्बम का निर्माण कर रहे निर्माता निरंजन कुमार सिन्हा कहते हैं, 'इस गाने की शूटिंग की तैयारी काफी समय से चल रही थी। रवि किशन से जब इस म्यूजिक वीडियो के लिए बात की तो वह तुरंत तैयार हो गए। गाने का फिल्मांकन बहुत ही भव्य तरीके से हुआ, फिर विचार किया कि क्यों ना रवि किशन ही इस म्यूजिक वीडियो में अपनी आवाज भी दे, मेरे इस निवेदन को उन्होंने सहर्ष की स्वीकार कर लिया और आज हम गाने की रिकॉर्डिंग कर रहे हैं।' म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' के संगीतकार माधव एस राजपूत हैं। इस गीत को मिनाक्षी एसआर और प्रणव वत्स ने लिखे हैं। संगीतकार माधव एस राजपूत ने ही रफ ट्रैक गए थे, जिसे आज रवि किशन अपनी आवाज में दिल्ली सफदरगंज के कथारस स्टूडियो में रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह म्यूजिक वीडियो 14 जनवरी को यूट्यूब चैनल पर लांच होगा और 17 जनवरी को इस एल्बम की लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन मुंबई में होगा।

## लाइफ स्टाइल

### हीरों से जड़ी जेनर

"अमेरिकी मॉडल, मीडिया हस्ती और व्यवसायी केंडल निकोल जेनर इन दिनों सुर्खियों में हैं। क्रिस जेनर और ब्रूस जेनर की बेटी केंडल ने फैशन के अलावा अभिनय की दुनिया में भी धूम मचाई है। उन्हें रियलिटी टेलीविजन शृंखला कीपिंग अप विद द कार्दशियन से खूब प्रसिद्धि मिली। केंडल अपनी ड्रेस की वजह से भी अक्सर चर्चा में रहती है। हाल ही में हीरों से जड़ी इस ड्रेस के साथ केंडल नजर आई और उन्होंने मीडिया की खूब सुर्खियां बटोरी।



## सर्दियों में रखें नाखूनों का ध्यान, वरना होगी बड़ी परेशानी

सर्दियों में अक्सर देखा जाता है कि सर्दियों के मौसम में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इसी के चलते उनका ध्यान रखना भी काफी जरूरी होता है। अगर आप नाखूनों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो ये टूटने लगते हैं। इनकी नमी बरकरार रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके लिए आप नारियल के तेल या फिर बादाम के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।अगर आप अपने नाखूनों पर हमेशा बेस कोट लगाकर रखेंगे, तो ये आपके नाखूनों को धूल और गंदगी से बचा कर रखेगा। इससे नाखून मजबूत भी होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम नाखून साफ करते वक्त



क्यूटिकल्स को काट देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। क्यूटिकल्स को काटने की बजाय उसपर लोशन या क्यूटिकल क्रीम लगाकर उनका ध्यान रखें। अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान सही से रखना चाहते हैं, तो नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगा सकते हैं। नाखूनों के लिए ये बेहतर नेल मास्क है। कोशिश करें, कि सर्दियों के मौसम में पानी में ज्यादा नाखूनों को ना भिगोएं। अगर आप ऐसा करेंगे, तो नाखूनों में ड्राईनेस हो सकती है। इससे नाखून कमजोर हो सकते हैं।

## इस बीज के इस्तेमाल से सिल्की बनेंगे आपके बाल

अलसी जिसे हम फ्लैक्सीड के नाम से भी जानते हैं, यह ना केवल खाने बल्कि बालों को मजबूत, स्मूथ और शाइनी बनाने के काम भी आता है। इस बीज में प्रोटीन, ओमेगा -3 फैटी एसिड, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई, विटामिन बी, मैगनीशियम, मैंगनीज और सेलेनियम आदि जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों के लिए काफी लाभदायक हैं। इसी के चलते आज हम आपको बालों में इसका इस्तेमाल करना बताएंगे। अगर आप अलसी के बीजों का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले पानी को उबाल कर उसमें दो बड़े चम्मच अलसी के सीड्स डालें। अब इसे 7-8 मिनट तक अच्छे से उबालें।जब पानी गाढ़ा होने लगे तो इसे सही से छान लें। अब इस छाने हुए पानी में एक छोटी चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इन सब चीजों को मिलाने के बाद कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिला दें। अब इसका स्मूद पेस्ट बन कर तैयार हो जाएगा।



## तुरंत जाना है पार्टी में तो आसान तरीके से करें मेकअप

अगर आपको अचानक से पार्टी का बुलावा आ जाए तो मेकअप में कुछ परेशानी होती है। लेकिन वक्त को देखते हुए आप कुछ टिप्स के साथ बेहतर मेकअप कर सकती हैं।

मेकअप से पहले चेहरे को अच्छे तरीके से मॉइस्चराइज करें ताकि आपकी त्वचा चमकदार और स्वस्थ लगे। मेकअप से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाना भी फायदेमंद होता है।



**फाउंडेशन:** इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से एक अच्छा फाउंडेशन चुनें और इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

**कंसीलर:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स या चेहरे के किसी अन्य हिस्से को कवर करने के लिए कंसीलर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे।

**आंखों का मेकअप:** पार्टी के लिए स्मोकी आंखें, न्यूड लुक या बोल्ड आंखों का मेकअप चुनें। बस इस बात का ध्यान रखें कि आंखों का मेकअप अच्छी तरह के ब्लेंड हो चुका हो।

**गालों पर लगाएं ये:** मेकअप पूरा करने के लिए चेहरे पर ब्लश और हाइलाइटर लगाकर आप अपने चेहरे की चमक बढ़ा सकते हैं।

**लिपस्टिक:** सबसे आखिर में अपनी पसंद की लिपस्टिक, लिप ग्लॉस, या लिप लाइनर का चयन करें। ध्यान रखें कि ये आपके मेकअप से मैच करनी चाहिए।

## सर्दियों में दिखना है स्टाइलिश तो इनके लुक्स पर डालें एक नजर

फैशन



जब गर्मी का मौसम चल रहा होता है, तो लोगों के पास स्टाइलिश दिखने के कई विकल्प होते हैं लेकिन जब बात सर्दियों की आती है तो ये दुविधा आ ही जाती है कि कैसे कपड़े पहनकर खुद को स्टाइलिश दिखा सकते हैं।



दरअसल, सर्दी के मौसम में स्टाइल दिखने के साथ-साथ सर्दी से बचाव करना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपना ध्यान नहीं रखेंगे तो तबियत खराब होने की संभावना भी रहती है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी काफी जरूरत होती है।

**सोनम कपूर:** अगर आपको ड्रेस पहनना पसंद है तो सर्दियों में भी इस तरह की वुलेन ड्रेस के साथ आप ऐसा कोट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ लॉग बूट्स बेहद क्लासी लुक देंगे।



**स्कर्ट-टॉप लुक:** सोनम कपूर को बॉलीवुड की स्टाइलिश डीवा कहा जाता है। ऐसे में आप उनके विंटर कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। उनका ये स्कर्ट-टॉप लुक भी सर्दियों के हिसाब से काफी प्यारा है। आप इसके साथ ओवर कोट पहन सकती हैं।

**परिणीति चोपड़ा :** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अक्सर विदेश में ही रहती हैं। ऐसे में उनके विंटर लुक्स बेहद कमाल के होते हैं। अगर आप भी उनकी तरह दिखना चाहती हैं तो ब्लैक लैगिंग्स के साथ इसी तरह का स्वेटर काफी प्यारा लुक देता है।

### ओवरकोट के साथ पहनें कैप

इस तरह का ओवर कोट आजकल काफी चलन में है। ऐसे में आप इस तरह को ओवर कोट के साथ जींस पहन सकते हैं। इसके साथ कैप पहनकर आपका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**प्रियंका चोपड़ा :** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने लुक्स की वजह से हमेशा लोगों की सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनका हर लुक काफी क्लासी होता है। सर्दियों में अगर आप स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो एक्ट्रेस का ये लुक एक बेहतर विकल्प है। इस तरह का स्वेटर आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। जैकेट लुक दिखेगा कूलअगर आप सर्दियों में कूल दिखना चाहती हैं, तो डेनिम जींस के साथ इस तरह की बॉम्बर जैकेट आप पहन सकती हैं।

## सर्दियों में साड़ी के साथ स्वेटर को मिक्स मैच करके स्टाइल करें ब्लाउज

साड़ी स्टाइल करना हर लड़की पसंद करती है। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ियां खरीदती हैं ताकि वो सबसे अलग और खूबसूरत लगे। लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता है क्योंकि उसमें इसे स्टाइल करना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि समझ नहीं आता है कि साड़ी के साथ ब्लाउज को कैसे वियर करें ताकि सर्दी न लगे। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताए गए हैक्स को ट्राई करें। इससे आपका साड़ी लुक काफी अच्छा नजर आएगा।

**ब्लाउज के कलर से मैच करके स्टाइल करें स्वेटर:** अगर आपको साड़ी में स्टाइलिश लगना है तो इसके लिए आपक सर्दियों में ब्लाउज के कलर के मैचिंग स्वेटर को खरीदें। इस बात का ध्यान रहे कि ये स्लीवलेस हो ताकि बाजू पर बने डिजाइन या फिर पैटर्न अच्छे से



हाईलाइट हो सके। इस तरीके के स्वेटर को आप ब्लाउज के ऊपर वियर करें।

**एक्सेसरीज को करें एड:** इस लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए साड़ी के साथ एक्सेसरीज को मिक्स मैच करें। इसके लिए (फुल स्लीव्स ब्लाउज) आप साड़ी के कलर से मैचिंग एक्सेसरीज वियर कर सकती हैं वरना आप चाहे तो कॉन्ट्रास्ट में भी ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इससे भी आप काफी सुंदर नजर आएगी।

### इन बातों का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी के साथ स्वेटर वियर करें तो इसके लिए आपको सिंपल वर्क वाले स्वेटर को खरीदना है। इस बात का ध्यान रखें कि किसी और कलर को मैच करके साड़ी के साथ स्वेटर न पहनें। इससे (यंग लड़कियों के लिए ब्लाउज डिजाइन) आपका लुक खराब लग सकता है। जब भी आप ज्वेलरी खरीदें तो नेकलाइन का खास ध्यान रखें ताकि वो लुक को खराब न कर दें।जरूरी नहीं कि आप साड़ी के साथ ओपन हेयर स्टाइल बनाएं बन भी क्रिएट कर सकती हैं।इन बातों का ध्यान रखेंगी तो सर्दियों में आप आसानी से स्वेटर वियर कर पाएंगी और लुक को परफेक्ट बना पाएंगी। इसके लिए आपको ऑनलाइन काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे।

## कार्नर न्यूज

### बदलते फैशन ट्रेंड के बीच स्टाइलिश दिखना चुनौती

# ड्रेसिंग के ये तरीके अपनाएं लड़के मिलेगा ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक

*लड़के भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। परफेक्ट लुक के लिए लड़कियां हों या लड़के सभी अपने अपने तरीके से ट्रेंडी फैशन का अपनाते हैं। ड्रेसिंग स्टाइल से लेकर फुटवियर और एक्सेसरीज को कैरी करके सबसे बेस्ट दिखने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। फैशन ट्रेंड बदलता रहता है। समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं।*



**सही साइज के कपड़े पहनें:** आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

**कपड़ों के रंग का सही चयन करें:** कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।

**कपड़ों को सही ढंग से रखें:** परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

**हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान:** कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।

**सूज और एक्सेसरीज:** आपके फुटवियर कपड़ों और मौके के मुताबिक हों। जैसे फॉर्मल कपड़ों पर किस तरह के सूज कैरी करने हैं? एथनिक वियर पर कैसे फुटवियर हों? ऑफिस या किसी पार्टी में आपके आउटफिट के मुताबिक सूज हों।



4 -JAN Coriya-RAG-Bhoomi pg-3_Layout 1 1/4/2024 8:11 PM Page 1



# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन

## सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



**सुझाव** | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्युचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



**प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा**

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

**जानकारी** | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।

*"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"*



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसाः जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

## आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

**म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड**

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

**तैयारी** | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगी।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद पर चचेरे भाई ने की बहन से मारपीट, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद पर चचेरे भाई ने बहन की पिटाई कर दी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चुहुल मरकाम पति निर्मल मरकाम शादी के बाद पिता के घर में ही रहती है। महिला अपने पता की इकलौती संतान है और पिता ने पूरी जमीन बेटी के नाम पर कर दी है। इस बात को लेकर महिला के बड़े पिता का पुत्र साधु गोंड रंजिश रखता है और। 1 जनवरी को चचेरा भाई साधू गोंड जमीन को लेकर अपनी बहन से गाली गलौज करने के साथ ही जमकर मारपीट की। इस घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चंद्रमेढा के समीप दो बाइक के आमने-सामने भिड़ंत हो जाने एक युवक की मौत हो गई जबकि सवार दूसरा युवक घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम बेलटुकरी निवासी लालसाय आ. राम प्रसाद गिरी (24 वर्ष) मंगलवार को चचेरे भाई रमेश गिरी के साथ ग्राम खरसोता गया था। शाम को दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम चंद्रमेढ़ा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनो बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लालसाय व रमेश घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह लालसाय की मौत हो गई।

### ट्रैक्टर को नायब तहसीलदार ने किया जब्त

**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य में लगे रेत लोड एक ट्रैक्टर को पकड़कर कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुंजनगर निवासी छतर राजवाड़े के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीई 8013 को चालक हर्राटिकरा निवासी 23 वर्षीय सुनील राजवाड़े पिता राम प्रसाद जो हर्राटिकरा घुनघुट्टा नदी से अवैध रूप से रेत लोडकर अवराडुग्गु जा रहा था। तभी कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने कुंजनगर में उक्त रेत लोड वाहन को रोककर चालक से दस्तावेज की मांग की। चालक द्वारा दस्तावेज न पेश किए जाने पर पिलखा नायब तहसीलदार ने कार्यवाही की है।

### मोबाईल छीनने से नाराज युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** परिजन द्वारा मोबाईल छीनने से नाराज युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि कुमदा के माईनस कालोनी झुग्गी बस्ती निवासी किराना व्यवसाई टुनटून सिंह की करीब 19 वर्षीय पुत्री बुलबुल ने बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे परिजन द्वारा मोबाईल छीन लेने से नाराज होकर घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू की है।

### गंभीर बीमारी से सैनिक की मौत रायपुर में चल रहा था उपचार

**सीतापुर।** सेना में पदस्थ जवान का उपचार के दौरान निधन हो गया। जवान अस्थमा व अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो गए थे। उनका पार्थिव शरीर गृहग्राम लाया जा रहा है जहां ससम्मान उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि उलकिया गाड़ाबहरी निवासी अरुण कुमार आ. सीताराम सेना में कॉन्स्टेबल के पद पर पदस्थ थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी पिथौरागढ़ में थी। सैनिक 25 दिसंबर को छुट्टी पर घर लौटा था इस दौरान तबियत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए रायपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सैनिक को जांच के दौरान अस्थमा व किडनी के बीमारी की जानकारी सामने आई थी और उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। निधन उपरान्त सैनिक का शव गृहग्राम लाया जा रहा है।

## एसईसीएल का अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# सफलता के लिए खेल भावना होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथि व अन्य ।

क्षेत्र के महात्मा गांधी स्टेडियम छोटा बाजार में एसईसीएल की अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय अधिकारियों एवं श्रम संगठनों के पदाधिकारी के उपस्थिति में किया। संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने सभी टीमों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट का खेल शारीरिक तथा मानसिक सबलता के लिए सहायक है। किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए खेल भावना का होना महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता के अंत में खेल की जीत हो एवं कुछ बेहतरीन खिलाड़ी उभरे जो कंपनी स्तर पर भी इस खेल में अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर सकें। यह प्रतियोगिता 11 जनवरी तक आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में एसईसीएल कंपनी स्तर के कुल 16 क्षेत्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, प्रत्येक मैच 20-20 ओवर का होगा।

आज पहला मैच चिरमिरी एवं सीडी एस कोरबा के बीच खेला जा रहा है। फाइनल मैच इसी मैदान में 11 जनवरी को 16 टीमों के बीच जो टीम फाइनल पर पहुंचेगी उनके बीच खेला जाएगा। निर्णायक की भूमिका में प्रदेश स्तर के चयनित रेफ्रियों के द्वारा कोल इंडिया सिलेक्शन टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन भी प्रतियोगिता के दौरान किया जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम मैच में सीडीएस में कोरबा एवं चिरमिरी के बीच खेला गया। इसमें कोरबा की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। कोरबा की टीम 19.4 ओवर में 91 रन बना पाने में सफल रही, जिसका पीछा करते हुए चिरमिरी की टीम विजय रही । कोरबा टीम के रामचरण ने 20 बॉल में 21 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया ,वहीं चिरमिरी के भांज सांई ने 22 गेंद में 51 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब पाया। चिरमिरी के ही भाग्यराज ने तीन ओवर में सात रन देकर दो विकेट लिए।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच विश्रामपुर एवं जोहिला के बीच खेला गया। विश्रामपुर की टीम ने 6 विकेट खोकर 137 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए जोहिला के अंतिम खिलाड़ी दिलीप झा ने जो नो विकेट गिरने के बाद 15 गेंद में 30 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इसमें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलीप झा को दिया गया। निर्णायक की भूमिका में शासन के द्वारा चयनित ऋषभ सोनी बिलासपुर, इमरान खान भिलाई, पी साहू भिलाई ,फैजुल्ला सिद्दीकी चिरमिरी ने निर्णायक की भूमिका अदा की, वहीं आंखों देखा हाल सुशांत घोष एवं नूरुद्दीन देशमुख द्वारा प्रसारित किया गया। इस दौरान मुख्य कार्मिक प्रबंधक एसके दास, उपक्षेत्र प्रबंधक एके चौहान, स्टाफ ऑफिसर सिविल श्रीगोलाइट, श्रम संगठन के पदाधिकारी देवेन्द्र नाथ शर्मा, कमलेश सिंह, लिंगराज नायक, अब्दुल सलीम, रामकुमार कनौजिया, राजेन्द्र चापेकर, संजय सिंह, दुर्योधन गोड़, सत्य प्रकाश सिंह, संजय तिवारी, कार्मिक प्रबंधक एचएस राजपूत, मलय घोष उपस्थित रहे।



# सांई मंदिर का सातवां स्थापना दिवस मना

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के बाजारपारा में स्थित सांई बाबा मंदिर जिसका स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम साल 2018 के 4 जनवरी को किया गया था, तब से लेकर प्रतिवर्ष सांई मंदिर का स्थापना दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। कोरिया कॉलरी में इस कार्यक्रम को लेकर पूरे नगर वासियों में उत्साह बना रहता है और सभी का हर संभव सहयोग मिलता है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण में रंग-रोगन व साज-सज्जा की तैयारी कई दिनों पूर्व से ही करना शुरू कर दिया था। कोरिया कॉलरी में खास तौर पर सांई भक्तों का अपना अलग ही गरिमामय आस्था है, इस लिहाज से बाबा के मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। कार्यक्रम की शुरूवात ढ़ोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर अंबेडकर चौक से होते हुए मूर्तिपारा, 64 दफई, सिनेमा हाल दफाई से होते हुए बंगाली पारा के रास्ते से होकर वापस सांई मंदिर पहुंची। इस दौरान भक्तों की भीड़ काफी संख्या में रही। दोपहर में भोग भंडारा का कार्यक्रम किया गया। इसमे पूरे नगर के लोग शामिल होकर सांई बाबा के प्रसाद का जायका लिया। शाम होते ही जगराता कार्यक्रम शुरू किया गया, लोग भक्ति गीतों में जमकर थिरके।

# निरंतर सुधार, आजीवन सीखना हमें हमेशा बेहतर बनाता है : कलेक्टर



बैठक के दौरान उपस्थित कलेक्टर व अन्य ।

**एमसीबी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के ऑडोटोरियम में बुधवार को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मनेन्द्रगढ़ तथा खड़गवां के समस्त प्राचार्यों का बैठक आयोजित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने समस्त शिक्षकों को निर्वाचन कार्य करने के लिए बधाई दी। उन्होंने मुख्य परीक्षाओं से पूर्व समस्त 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने कहा। प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने से जो परिणाम आएगा, उन परिणामों से छात्रों एवं उनके अभिभावकों अवगत कराए, जिससे उनका मुख्य परीक्षा में प्रदर्शन अच्छा हो सके। कमजोर बच्चों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने समस्त प्राचार्यों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय परीक्षा फल 85 से 90 प्रतिशत न होकर ऐसा प्रयास करें कि उनके विद्यालय के अधिक से अधिक छात्र मेरिट लिस्ट आए। निरंतर सुधार और आजीवन सीखना हमें हमेशा बेहतर बनाता है। प्री-बोर्ड की परीक्षाओं का जितना ज्यादा अभ्यास होगा।

बच्चों का परीक्षफल उतना अच्छा होगा। जिले के किसी भी स्कूल से जब बच्चा मेरिट लिस्ट में आता है, तब सबकी नजरे उसकी तरफ होती है। उन्होंने कक्षा 12 वीं के समस्त विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा जेईई, नीट एवं क्लैट में सम्मिलित होने के लिए अधिक प्रेरित करें। ऐसे विद्यार्थी जो लगातार 2 या 3 दिन से स्कूल नहीं आ रहे हैं, ऐसे बच्चों के संबंधित प्राचार्य उस बच्चे के पालक, अभिभावक से मिलकर अनुपस्थित के कारण का पता लगाए, उसका सतत मॉनिटरिंग करें, इसके साथ ही उस बच्चे को विद्यालय में पुनः उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी तथा संकुल प्राचार्यों को अपने विकासखंड़ तथा संकुल अंतर्गत संचालित सभी विद्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण करने कहा। विद्यालय परिसर में विशेष साफ-सफाई रखने के साथ ही लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला को व्यवस्थित एवं स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।

# ननि ने चलाया अभियान, जब्त की गई चार गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नो वेंडिंग जोन से अतिक्रमण हटाते निगम कर्मी।

शहर में एक बार फिर से नगर निगम में नो वेंडिंग जोन में नियम विरुद्ध तरीके से संचालित ठेले गुमटियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को ननि आयुक्त के निर्देश पर उड़न दस्ता दल की टीम द्वारा शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में अभियान चलाकर गुमटियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम द्वारा चार गुमटियों को जब्त किया गया इसके साथ ही दर्जनभर से अधिक गुमटी संचालकों को अपना नो वेंडिंग जोन से अपनी गुमटियों को हटाने के निर्देश दिए है जिसके बाद गुमटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम एक्टिव हो गई है और शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों को हटाया जा रहा है। इस बीच शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में भी बड़ी संख्या में नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों को निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर नोटिस जारी किया गया था। बस स्टैंड में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गुमटियां संचालित की जा रही थी। बड़ी बात यह है कि इन गुमटियों में शाम के बाद अवैध रूप से शराब परोसने का काम भी किया जा रहा था जिससे बस स्टैंड का माहौल बिगड़ रहा था। नोटिस के बाद भी गुमटियों को नहीं हटाने के बाद आज ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर उड़न दस्ता टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। टीम बुलडोजर लेकर बस स्टैंड पहुंची और चार गुमटियों को जब्त कर लिया। बुलडोजर कार्रवाई के बाद गुमटी संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान गुमटियों को जब्त होने की कार्रवाई से बचने के लिए संचालकों ने खुद ही गुमटियों को खाली करना शुरू कर दिया। निगम द्वारा लगभग 15 गुमटी संचालकों को देर शाम तक अपनी गुमटियों को खाली करके निगम की जमीन को खाली करने के निर्देश दिए है। हालांकि निगम द्वारा गुमटी संचालकों को प्रतीक्षा बस स्टैंड में पीछे की ओर खाली पड़ी जमीन में विस्थापित करने की योजना भी बनाई जा रही है।

**खास बात**

- कार्रवाई से मचा हड़कंप

### किराए पर चल रही गुमटियां

निगम की कार्रवाई के दौरान एक बड़ी जानकारी सामने आई। शहर में लोग अपने रोजगार के नाम पर एक साथ दो से टीम गुमटियों को एक ही स्थान पर लगाकर चला रहे है। इनमें से एक गुमटी में वे स्वयं व्यवसाय करते है जबकि बाकी गुमटियों को किराए पर लगा दिया जाता है।

# समृद्ध व सशक्त गांव से ही विकसित भारत का मिल सकता है लक्ष्य : सिरदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का शुभारंभ गोद ग्राम पेन्डरखी में बुधवार को नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर किया गया।

सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल कमिश्नर बस्तर व अध्यक्ष अखिल भारतीय बिंझिया समाज बीएस सिरदार, विशिष्ट अतिथि फलेश्वर सिंह पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती बागेश्वरी सिंह सरपंच पेन्डरखी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती व राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत, स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह द्वारा सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर के उद्देश्य व लक्ष्य सहित इस दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीएस सिरदार ने कहा कि आज भी भारत की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में निवास करती है। समृद्ध व सशक्त गांव से ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंनें कहा कि नशा खोरी आज समाज की सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंनें नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी स्वयंसेवकों को योगदान देने की आह्वान करते हुए कहा कि अभाव में ही प्रतिभाएं विकसित होती है। उन्होंनें अपने व्यक्तिगत जीवन के कई रोचक अनुभवों के द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।कार्यक्रम को सरपंच बागेश्वरी सिंह ने भी सम्बोधित किया।

# एसडीएम ने स्लाटर हाउस का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** नगर में अव्यवस्थित ढंग से संचालित मटन मुर्गा एवं मछली दुकानों को व्यवस्थित करने प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा दिए गए निर्देश के बाद आज



प्रशासन एवं नगर पंचायत ने नगर में अव्यवस्थित तरीके से चल रहे मटन दुकानों को व्यवस्थित करने निरीक्षण किया। एसडीएम रवि राही ने वार्ड क्र-10 में स्थित स्लाटर हाउस एवं वहां निर्मित दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत को व्याप्त कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए ताकि व्यवस्थित ढंग से मटन, मुर्गा एवं मछली दुकान संचालित हो सके। इस अवसर पर सीएमओ जीवनलाल यादव विक्रांत सोनी एवं अन्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने ...

अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा में 8 स्थानों पर हेल्प कैंप लगाए गए थे। इसमें 1061 लोगों द्वारा गैर संचारी रोग बीपी, शुगर, इत्यादि, सिकल सेल रोग और टीबी जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाए जा रहे शिविर में लोगों की रुचि विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार अपडेट और उज्जवला इत्यादि में देखी जा रही है। आधार अपडेट के लिए शिविर के आस-पास के क्षेत्रवासीय काफी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इसी प्रकार केन्द्र व राज्य की योजनाओं के लिए विभागों द्वारा लगाए सभी स्टॉलो में जनमानस अपने रुचि व आवश्यकता रूप जुड़ रहे हैं।

### अधिकारी अपने चेम्बर...

के निर्देश दिए। बैकुंठपुर तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के हिदायत भी दिए। ग्रामीणों, किसानों को समय पर बटांकन, सीमांकन, नामांतरण जैसे कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारियों के उदासीन रवैए के कारण ही यह प्रकरण बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने सोनहत, बैकुंठपुर एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए और की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

### कन्या महाविद्यालय में ..

खेलकूद से संबंधित जैसे- कबड्डी, व्हॉलीबॉल, कैरम, चेस, गोला फेक, भाला फेक, तवा फेक, बैडमिंटन(सिंगल/डबल), खो-खो इत्यादि। वार्षिक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्राओं को तीन श्रेणियों में रखा गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय। तीनों श्रेणियों के प्रतिभागियों को महाविद्यालय के द्वारा पुरस्कार स्वरूप सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए प्राध्यापकों के द्वारा भी योगदान दिया गया, इससे वार्षिक आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। वार्षिक आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टॉफ डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, बिक्की राम, देवेन्द्र मिश्रा, विनय गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, सुमित मिश्रा, श्रीमती सविता पैकरा, अल्का दुबे, कृष्ण कुमार, सुश्री नासमा बेगम, मो. अमजद, महेन्द्र कुर्रे, विपिन सिंह, भागवत प्रसाद साहू, नवनीत कुमार कश्यप, सत्येन्द्र सिंह पैकरा एवं चुन्नू उपस्थित रहे।







